समाचार

# एक माह में 361 श्वानों का किया गया बन्ध्याकरण एवं टीकाकरण

कोरबा 09 अक्टूबर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विशेष दक्ष टीम के माध्यम से विगत एक माह के दौरान 361 श्वान के बन्ध्याकरण एवं टीकाकरण का कार्य कराया गया है, जिसमें 254 मेल श्वान एवं 107 फीमेल श्वान शामिल है, यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री व्ही.के.सारस्वत ने बताया कि श्वान जन्म नियंत्रण एवं टीकाकरण कार्य के अंतर्गत नगर निगम कोरबा द्वारा समय–समय पर शहर में आवारा रूप से विचरण करने वाले श्वानों के बन्ध्याकरण व टीकाकरण का कार्य कराया जाता है, इस वर्ष भी यह कार्य कराया जा रहा है। उन्होने बताया कि बन्ध्याकरण व टीकाकरण का यह कार्य संजीवनी जनसेवा समिति एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, एजेंसी की विशेष कार्य दक्ष टीम निगम के सभी आठ जोन में भ्रमण कर रही है तथा आवारा श्वानों की खोज कर उनके बन्ध्याकरण व टीकाकरण का कार्य संपन्न करा रही है। विगत 07 सितम्बर से प्रारंभ किए गए इस कार्य के अंतर्गत अभी तक 361 श्वानों का बन्ध्याकरण एवं एंटीरेबीज का टीकाकरण कराया जा चुका है, आगे भी यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। उन्होने कहा कि आवारा श्वानों के भ्रमण आदि की सूचना आमनागरिक निगम को दे सकते हैं, उनकी सूचना पर भी यह टीम त्वरित आवश्यक कार्यवाही करेगी, यह सूचना निगम के वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक श्री सुनील वर्मा के मोबाईल नम्बर 9993384181 पर दी जा सकती है।